# ओडीओपी की तर्ज पर 'एक विस क्षेत्र, एक पर्यटन स्थल'

महेन्द्र पाण्डेय • लखनऊ




सत्र वैश्विक पहचान देता धार्मिक पर्यटन में बोलते प्रो. ब्रज भूषण ओझा, साथ में उपस्थित पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, सुनील बी सत्यवक्ता एवं सत्र का संचालन करते वरिष्ठ उप समाचार संपादक पवन तिवारी • जागरण

उप्र में एक जिला एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) की तर्ज पर एक विधानसभा क्षेत्र एक पर्यटन स्थल की कार्ययोजना बनाई गई है। सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक धार्मिक पर्यटन स्थल का चयन किया गया है। 'जागरण संवाद' में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश की विकास यात्रा में धार्मिक पर्यटन के महत्व को बताया।

'जागरण संवाद' के प्रथम सत्र 'वैश्विक पहचान देता धार्मिक पर्यटन' के माडरेटर दैनिक जागरण के आउटपुट हेड पवन तिवारी सबसे पहले पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुखातिब हुए। अब तक 62 लाख श्रद्धालु श्रीरामलला के समक्ष नतमस्तक हो चुके हैं। श्रद्धालुओं का कारवां बढ़ता ही जा रहा है। इस चुनौती से कैसे पार पा रहे हैं? जयवीर ने कहा, पूरी दुनिया से श्रीराम भक्त दर्शन के लिए आ रहे हैं। उनके ठहरने, ई-बसों से दर्शन कराने आदि की पूरी व्यवस्था की गई है। प्रश्न हुआ- लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। स्थानीय आर्थिकी पर इसका क्या प्रभाव है? ट्रैवेल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया यूपी चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष सुनील बी. सत्यवक्ता ने कहा कि राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कारीडोर बनने के बाद टूरिज्म पाठ्यक्रमों की भी मांग बढ़ रही है। अयोध्या में एक-एक युवा 50-50 हजार रुपये महीने कमा रहे हैं। काशी, अयोध्या और प्रयागराज डायमंड ट्रैवेल बनेगा। इस त्रिकोण